Annexux-V

ऋतु खण्डूड़ी भूषण
अध्यक्ष
विधान सभा, उत्तराखण्ड

विधान भवन, देहरादून
फोन : 0135-2665885 (का.)
फैक्स : 0135-2666788
फोन : 0135-2530907 (आ.)
फैक्स : 0135-2530908
आ० उ० आ० क्रम-1/93 दिनांक 25/07/2022

कृपया उत्तराखण्ड के विकास से सम्बन्धित अनेक विषयों पर आपसे कुछ समय पूर्व हुई अत्यन्त लाभप्रद चर्चा का संज्ञान लेने का कष्ट करेंगे। आपके द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि के क्षेत्र में किये गये योगदान सराहनीय हैं। मैं, वर्तमान में कोटद्वार विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रही हूँ अतएव क्षेत्रवासियों के विकास के लिये आपका सहयोग चाहूँगी जिसमें मुख्यरूप से शिक्षा का क्षेत्र सम्मिलित है। आपसे हुए विचार–विमर्श में यह सैद्धान्तिक सहमति बनी थी कि कोटद्वार में पैरामेडिकल संस्थान को यथाशीघ्र प्रारम्भ किया जा सकता है जो स्थानीय युवाओं के साथ–साथ उत्तराखण्ड के युवाओं के लिये उपयोगी सिद्ध होगा।

मेरा विनम्र निवेदन है कि कोटद्वार में पैरामेडिकल संस्थान प्रारम्भ करने हेतु सहानुभूतिपूर्वक विचार कर स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करेंगे। मेरी ओर से इस सम्बन्ध में हर संभव सहयोग उपलब्ध रहेगा।

(ऋतु खण्डूड़ी भूषण)

प्रतिष्ठा में:

श्री महन्त देवेन्द्र दास जी महाराज
कुलाधिपति ,
श्री गुरू राम राय विश्व विद्यालय,
देहरादून।

d/c
25/07/2022

शासकीय आवास : आर.-1, यमुना कॉलोनी, देहरादून।
Email: uttarakhandspeaker@gmail.com

SHRI GURU RAM RAI UNIVERSITY DEHRADUN Registrar